# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

वाराणसी
VARANASI

पत्रांक सा० 5023 /2026

दिनाङ्क 22 .01.2026

## कार्यालय-ज्ञाप

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई- 22/32- जी0एस0/2025 दिनांक 01 जनवरी, 2025 के अनुपालन में माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस कार्यक्रम पूर्ण उत्साह, गरिमा एवं उल्लास के साथ दिनांक 24.01.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे से विश्वविद्यालय/संस्थानों में आयोजित/मनाये जाने तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त एक बुकलेट तैयार कर सचिवालय को उपलब्ध कराने हेतु प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, सामाजिक विज्ञान विभाग को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

संलग्नक-यथोक्त

( राकेश कुमार )
आई०ए०एस०
कुलसचिव

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, सामाजिक विज्ञान विभाग।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष।
5. निदेशक, अनुसंधान संस्थान।
6. समन्वयक, आई. क्यू.ए.सी.।
7. परीक्षा नियंत्रक।
8. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
9. समस्त सहायक कुलसचिव।
10. अधीक्षक,प्रशासन/लेखा।
11. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
12. समस्त विभागानुभाग।
13. सम्बद्ध पत्रावली।

22/1/2026

( राकेश कुमार )
आई०ए०एस०
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

VC-24/2026
061-26

कु०स० 5726/26
06/01/26

कुलसचिव /2026

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्याःई– 22 /32–जी0एस0 / 2025
दिनांकः 01 दिसम्बर, 2025 जनवरी

प्रेषकः
श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,
कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः **विश्वविद्यालयों / संस्थानों में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस दिनांक 24.01.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे से समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान में उल्लासपूर्वक आयोजित किया जाना है।

2. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालयों / संस्थानों में, उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस, पूर्ण उत्साह, गरिमा एवं उल्लास के साथ निम्नानुसार आयोजित किये जायेगें :–

i. उत्तर प्रदेश पर एक सूक्ष्म / लघु फिल्म (Documentry) बनाकर उसका प्रदर्शन कराया जाय, जिसमें प्रदेश के उद्‌गम से वर्तमान तक विकास की होने वाली क्रमवार प्रगति को सूक्ष्म रूप में सम्मिलित करने के साथ ही प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासतों एवं विविधताओं का पूर्ण प्रदर्शन किया जाये।

ii. प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं अन्य विविधताओं / विशेषताओं पर छात्र / छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता करायी जाये।

iii. प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विशेषताओं पर प्रदर्शनी लगायी जाय, जिसमें छात्र / छात्राओं द्वारा निर्मित पोस्टर / मॉडल / चार्ट आदि को सम्मिलित किया जायेगा।

iv. प्रदेश से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर क्विज प्रतियोगिता भी कराई जा सकती है।

v. प्रदेश की विशेषताओं से सम्बन्धित रंगोली बनायी जाये।

vi. सम्बन्धित प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक विरासतो के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये, जिसमें विश्वविद्यालय / संस्थान के छात्र / छात्रायें प्रतिभाग करेंगें, जिसमें नृत्य, गीत, वाद्य, सूक्ष्म / लघु नाट्य आदि सम्मिलित हों।

3. माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्बन्धित प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य आदि विश्वविद्यालय / संस्थान के छात्र / छात्राओं द्वारा किया जायेगा। यदि कार्यक्रम आयोजित करने वाले विश्वविद्यालय / संस्थान ने सम्बन्धित प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय / संस्थान से समझौता / ज्ञापन कर रखा है तो वहाँ के गीत, संगीत आदि भी कार्यक्रम में सम्मिलित कर सकते हैं।

3.1 उपर्युक्त प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त एक बुकलेट तैयार कर इस सचिवालय को उपलब्ध करायेंगें।

....2

श्री प्रदीप पाठक जी
08/01/2026

Scanned with OKEN Scanner

4. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस कार्यक्रम पूर्ण उत्साह, गरिमा एवं उल्लास के साथ आयोजित करते हुए बुकलेट तैयार कर इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. पंकज एल. जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
2. परिसहाय, श्री राज्यपाल (पी/ए), राजभवन, उ.प्र.।
3. निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी(अपर मुख्य सचिव स्तर) को विशेष कार्याधिकारी(अपर मुख्य सचिव स्तर) महोदय के संज्ञानार्थ।

( हेमन्त कुमार चौधरी )
कुलाधिपति के उप सचिव

Scanned with OKEN Scanner